# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**शुक्रवार, दिनांक 23 दिसम्बर, 2005 (पौष 2, 1927)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्देमातरम" के गायन से प्रारम्भ हुई.

### 2. मंत्रि परिषद् के सदस्यों का परिचय

श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रिमंण्डल के सदस्यों का सदन में परिचय कराया गया, जिनमें श्री बाबूलाल गौर, वाणिज्यिक कर, वाणिज्य उद्यौग और रोजगार, सार्वजनिक उपक्रम, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री, श्री राघवजी, वित्त, योजना, आर्थिक और सांख्यिकी, 20 सूत्र कार्यान्वयन मंत्री, श्री हिम्मत कोठारी, वन एवं परिवहन मंत्री, सुश्री कुसुम सिंह महदेले, महिला एवं बाल विकास मंत्री, श्री जयंत मलैया, नगरीय प्रशासन एवं विकास, आवास और पर्यावरण मंत्री, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पंचायत और ग्रामीण विकास, ग्रामोद्योग, जनसंपर्क मंत्री, श्री रामपाल सिंह, लोक स्वास्थ्य, यांत्रिकी, सामाजिक न्याय मंत्री, श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, उर्जा मंत्री, श्री गोपाल भार्गव, सहकारिता, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, खेल एवं युवक कल्याण, पर्यटन मंत्री, श्री नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य, स्कूल शिक्षा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, श्री अनूप मिश्रा, जल संसाधन, जन शिकायत निवारण मंत्री, चौधरी चंद्रभान सिंह, कृषि (उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण सहित) मंत्री, श्री रमाकांत तिवारी, पशुपालन (गौ-संवर्धन बोर्ड सहित) मंत्री, श्री विजय शाह, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री (केवल आदिम जाति कल्याण), श्री जगदीश देवड़ा, आदिम जाति तथा अनसूचित जाति कल्याण (केवल अनुसूचित जाति कल्याण), श्रम मंत्री, श्री अजय विशनोई, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री, श्री रूस्तम सिंह, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण, जैव विविधता तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अतंर सिंह आर्य, जेल मंत्री, श्री कमल पटेल, राजस्व,धार्मिक न्यास और धर्मस्व,पुनर्वास मंत्री, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, संस्कृति, खनिज साधन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री तुकोजीराव पवार, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री मोती कश्यप, मछली पालन, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री प्रकाश सोनकर, वन, अनुसूचित जाति कल्याण राज्यमंत्री, श्री पारसचंद जैन, स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री, श्री जुगल किशोर बागरी, जल संसाधन, पशुपालन राज्यमंत्री , सुश्री मीना सिंह, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री, श्री नागेन्द्र सिंह, गृह, नर्मदा घाटी विकास राज्यमंत्री, श्री गंगाराम पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत और ग्रामीण विकास, राज्यमंत्री , श्री नारायण सिंह कुशवाह, सामाजिक न्याय, राजस्व, राज्यमंत्री के नाम सम्मिलित थे।

## 3. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आज दिनांक 23 दिसम्बर, 2005 को संपन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित शासकीय विधेयकों तथा अन्य कार्यों पर चर्चा के लिए उनके सम्मुख अंकित समय निर्धारित करने की सिफारिश की है।

| क्र. | शासकीय विधेयक | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय स्टाम्प (मध्य प्रदेश संशोधन ) विधेयक, 2005 (क्रमांक 22 सन् 2005) | 30 मिनिट |
| 2. | मध्य प्रदेश सिचाई प्रबंधन में कृषकों की भागीदारी (संशोधन) विधेयक, 2005 (क्रमांक 23 सन् 2005) | 30 मिनिट |
| 3. | मध्य प्रदेश उपकर (द्वितीय संशोधन ) विधेयक,2005 (क्रमांक 24 सन् 2005) | 30 मिनिट |
| 4. | वर्ष 2005-2006 के द्वितीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर चर्चा, मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन विचार एवं पारण. | 2 घण्टे |
| 5. | प्रदेश में आयोजित विद्युत कटौती एवं विद्युत की दरो मे बार-बार वृद्धि से उत्पन्न स्थिति के संबंध में डॉ. गोविन्द सिह,डॉ. आई. एम .पी. वर्मा, श्री रामलखन शर्मा, श्री आरिफ अकील, श्रीमती जमुना देवी तथा श्रीमती सरोज बच्चन नायक , सदस्य गण की नियम 139 के अधीन सूचना | 1 घण्टा 30 मिनिट |
| 6. | प्रदेश में सिचाई हेतु बांधों से समय पर पानी नहीं छोड़े जाने तथा नहरों की मरम्मत नहीं होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में डॉ. आई. एम .पी. वर्मा तथा श्री आरिफ अकील, सदस्यगण की नियम 139 के अधीन सूचना | 1 घण्टा 30 मिनिट |
| 7. | प्रदेश में खाद ,बीज की कमी तथा घटिया स्तर के खाद, बीज बाजार में विक्रय होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में डॉ. आई. एम .पी. वर्मा, श्री रामलखन शर्मा, श्रीमती जमुना देवी तथा श्री राजेश पटेल सदस्यगण की नियम 139 के अधीन सूचना समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दिनांक 26,27,28,29 एवं 30 दिसम्बर, 2005 को सभा की बैठकें नही होंगी | 1 घण्टा 30 मिनिट |

विधि और विधायी कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री, डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रस्ताव किया कि अभी अध्यक्ष महोदय ने शासकीय विधेयकों एवं अन्य कार्य पर चर्चा के लिए समय निर्धारण के संबंध में कार्यमंत्रणा समिति की जो सिफारिशें पढ़ कर सुनाई , उन्हें सदन स्वीकृति देता है

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

## 4. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री के.आर. नारायणन, केन्द्रीय मंत्री श्री पी. एम. सईद, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री एच.के.एल. भगत, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रो. मधु दंडवते, भूतपूर्व उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा श्री भेरूलाल पाटीदार,भूतपूर्व सदस्य विधान सभा श्री कम्मोदीलाल जाटव तथा भूतपूर्व सदस्य विधान सभा श्री चन्द्रभान सिंह चौहान के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये गये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण कुंवर विजय बहादुर सिंह बुन्देला, श्री राम लखन शर्मा, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, श्री मनमोहन शाह बट्‌टी, श्री हमीद काजी श्री हरिवल्लभ शुक्ला, डॉ सुनीलम्, श्री आरिफ अकील तथा डॉ आई.एम.पी. वर्मा ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.05 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 2 जनवरी, 2006 (पौष 12 , 1927) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**